रेरा ने 'हैंडबुक बिहार' का विमोचन किया

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। रेरा बिहार के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने गुरुवार को हैंडबुक ऑफ रेरा बिहार नामक पुस्तक का विमोचन किया। इसका प्रकाशन रेरा बिहार ने किया है। इसमें भू-सम्पदा (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016, बिहार भू-सम्पदा (विनियमन और विकास) नियमावली 2017, बिहार रेरा (सामान्य) विनियमावली, 2024, बिहार भवन उपनियम और बिहार अपार्टमेंट स्वामित्व अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों संग्रह है।

इनके अलावा, पुस्तक में रेरा अधिनियम से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय, विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्णय और विभिन्न शिकायत मामलों में दिए गए रेरा बिहार के ऐतिहासिक आदेशों और समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा जारी महत्वपूर्ण कार्यालय आदेश और नोटिस भी शामिल हैं। रेरा के अध्यक्ष व पुस्तक के प्रधान संपादक ने कहा कि पुस्तक का प्रकाशन उपयोगकर्ताओं को एक ही स्थान पर सभी प्रासंगिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है। मौके पर रेरा के सचिव आलोक कुमार, वरिष्ठ विधिक सलाहकार वेद प्रकाश, ओएसडी राजेश थदानी, वरिष्ठ भू राजस्व पदाधिकारी अमरेंद्र शाही और आईटी सलाहकार मनोज कुमार मधुकर मौजूद थे। रेरा बिहार के वरिष्ठ अधिकारीगण, जिनमें श्री आलोक कुमार (सचिव), श्री वेद प्रकाश (वरिष्ठ विधिक सलाहकार), श्री राजेश थदानी (ओएसडी), श्री अमरेन्द्र शाही (वरिष्ठ भू-राजस्व पदाधिकारी) और श्री मनोज कुमार मधुकर (आईटी सलाहकार) भी उपस्थित थे।

बुधवार को 'हैंडबुक ऑफ रेरा बिहार' नामक पुस्तक का विमोचन करते रेरा अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, सचिव आलोक कुमार व अन्य। ● हिन्दुस्तान